This question paper contains 4+2 printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **5206**

Unique Paper Code : **205341** **G**

Name of the Paper : **प्रश्नपत्र 11 : आधुनिक भारतीय भाषा : हिंदी 'ग' (MIL HINDI C)**

Name of the Course : **B.A. (Prog.)**

Semester : **III**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रत्येक प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए।

1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

मुद्दआ यह कि जहाँ जाएँ, जिधर जाएँ, जहाँ रहें, जैसे रहें, इन विज्ञापनों की लपेट से नहीं बचा जा सकता। घर में बन्द होकर बैठ जाएँ, विज्ञापन रोशनदानों के रास्ते हवा में तैरते आते हैं। क्या आज आपने दाँत साफ किए हैं ? सवेरे उठते ही सबसे पहले क्लोरोफिल वाले टूथपेस्ट से दाँत साफ कीजिए। याद रखिए, अपने दाँतों को रोगों से बचाने के लिए यही एक साधन है! .... घर से निकलिए, हर दोराहे, चौराहे और सड़क के खम्भे पर विज्ञापन–खतरे से सावधान–धोखे से बचिए–इसके पढ़ने से बहुतों का भला होगा! अखबार उठाएं, विज्ञापन। पुस्तक उठाएं, विज्ञापन। बस में बैठें, विज्ञापन। क्या आपका दिल कमजोर है ? क्या आपका जिस्म

P.T.O.

टूटता रहता है ? क्या आपके सिर के बाल झड़ रहे हैं ? क्या आपके घर में झगड़ा रहता है ? गोया कि आपकी व्यक्तिगत ज़िन्दगी बिल्कुल व्यक्तिगत नहीं है—उसे केवल इन विज्ञापनदाताओं के परामर्श से ही जिया जा सकता है।

(क) प्रस्तुत अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है और इसके लेखक का क्या नाम है ? 2

(ख) जीवन पर विज्ञापन के व्यापक प्रभाव को लेखक ने किस प्रकार व्यक्त किया है ? 1

(ग) प्रस्तुत अनुच्छेद से **दो-दो** शब्द उर्दू और अंग्रेजी के छाँटकर लिखिए। 1

(घ) विज्ञापनदाता लोगों को किस प्रकार आकर्षित करते हैं ? 1

2. निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

जब भी

भूख से लड़ने

कोई खड़ा हो जाता है

सुंदर दीखने लगता है

झपटता बाज

फन उठाए साँप,

दो पैरों पर खड़ी

काँटों से नन्हीं पत्तियाँ खाती बकरी

दबे पाँव झाड़ियों में चलता चीता,

डाल पर उल्टा लटक
फल कुतरता तोता,
या इन सब की जगह
आदमी होता।

(क) प्रस्तुत काव्यांश किस कविता से लिया गया है और इसके कवि का नाम क्या है ? 2

(ख) प्रस्तुत कविता का मूल स्वर क्या है ? 2

(ग) 'बकरी' और 'चीता' का प्रतीक स्पष्ट कीजिए। 3

(घ) अंतिम चार पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए। 3

3. 'धर्म की आड़' निबंध का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'घंटी' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। 5

4. (क) निम्नलिखित में से किसी **एक** बोली का संक्षिप्त परिचय दीजिए : 5

हरियाणवी, खड़ी बोली, मारवाड़ी

(ख) राष्ट्रभाषा और राजभाषा में क्या अन्तर है ? 5

(ग) मानक लिपि से क्या अभिप्राय है ? स्पष्ट कीजिए। 5

5. (क) निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

आज बाजारवाद और उससे उपजने वाली विकृतियों पर चर्चा गर्म है। दरअसल बाजार का प्रभाव एकतरफा नहीं होता है। बाजार एक ओर एकाधिकार को तोड़ता है तो दूसरी ओर असमान समाज और उसके वैषम्य को भी बढ़ावा देता है। बाजार दुधारी तलवार जैसा है। वह किसी एक व्यक्ति की, समूह की ज़रूरत नहीं देखता, बल्कि सबकी क्रय-शक्ति पर नज़र रखता है। अगर हमारे पास क्रय-शक्ति नहीं है तो बाजार हमें मिटा कर रख देगा। जमींदार से आप अपील भी कर सकते हैं और वह आप पर कुछ खास परिस्थितियों में दया भी कर सकता है पर बाजार में दया नहीं होती, वह निर्मम होता है।

(1) लेखक ने जमींदार और बाजार की प्रकृति में क्या अन्तर बताया है ? 2

(2) दुधारी तलवार से क्या अभिप्राय है ? 2

(3) प्रस्तुत गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

(ख) निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों में से किन्हीं **पाँच** का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 5

(1) आँख का तारा

(2) थोथा चना बाजे घना

(3) नाक पर मक्खी न बैठने देना

(4) आसमान से गिरा, खजूर में अटका

(5) जहाँ चाह, वहाँ राह

(6) एड़ी चोटी का जोर लगाना

(7) ऊँट के मुँह में जीरा

(8) सहज पके सो मीठा होय।

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **पाँच** को शुद्ध रूप में लिखिए : 5

(1) महादेवी वर्मा हिंदी की प्रसिद्ध कवि हैं।

(2) मेरे को इससे कोई मतलब नहीं।

(3) उसको दो बेटियाँ हैं।

(4) तुम तुम्हारे घर जाओ।

(5) कृपया मेरे घर आने की कृपा करें।

(6) शायद वह आज अवश्य आएगा।

(7) नौकर से कपड़े धोआ लो।

(8) नेताजी को एक फूलों की माला पहना दो।

(क) अपने महाविद्यालय में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रतिवेदन तैयार कीजिए। 7

अथवा

प्रतिवेदन तैयार करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

(ख) चेकबुक खो जाने पर बैंक प्रबन्धक को पत्र लिखिए।

अथवा

पुस्तक विक्रेता को पुस्तकें मँगवाने के लिए पत्र लिखिए। 8

7. किसी **एक** विषय पर लगभग 250-300 शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) मेरा प्रिय खेल

(ख) भ्रष्टाचार : समस्या और समाधान

(ग) भारत में बढ़ती हुई महंगाई

(घ) महानगरों की समस्याएँ।